# कार्यवाही विवरण

**मेसर्स क्लीन कोल इंटरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गतोरा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन/वर्ष के स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् दिनांक 25/11/2016 को स्थान–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरणः–**

भारत शासन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के अंतर्गत मेसर्स क्लीन कोल इंटरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गतोरा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन/वर्ष के स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में समाचार पत्रों नई दुनिया, बिलासपुर एवं हिन्दुस्तान टाईम्स, नई दिल्ली दिनांक 21.10.2016 में लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 25.11.2016 दिन शुक्रवार को समय 12:00 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर की अध्यक्षता में स्थान–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला– बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक सार की प्रति एवं इसकी सी.डी. जन सामान्य के अवलोकन हेतु कार्यालय कलेक्टर–बिलासपुर, जिला पंचायत कार्यालय–बिलासपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र–बिलासपुर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़, पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर, कार्यालय ग्राम पंचायत गतौरा, कार्यालय ग्राम पंचायत कर्रा, कार्यालय ग्राम पंचायत फरहदा, कार्यालय ग्राम पंचायत खैरा, कार्यालय ग्राम पंचायत लिमतरा, कार्यालय ग्राम पंचायत भेलाई, कार्यालय ग्राम पंचायत रलिया, कार्यालय ग्राम पंचायत राँक, कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी, कार्यालय ग्राम पंचायत पंधी, कार्यालय ग्राम पंचायत किसान–परसदा, कार्यालय ग्राम पंचायत हरदाडीह, जिला–बिलासपुर (छ.ग.), डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय (डब्लयू.सी.जेड.) पर्यावरण, वन एवं जलवायु

परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, ग्राऊण्ड फ्लोर ईस्ट विन्ग, न्यू सेक्रेटरियेट बिल्डिंग, सिविल लाईन्स, नागपुर (महाराष्ट्र), मुख्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नया रायपुर (छ.ग.) में रखी गई थी। उक्त कोल वॉशरी परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, व्यापार विहार, जिला–बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। लोक सुनवाई की निर्धारित तिथि तक क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, व्यापार विहार, जिला–बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से उक्त परियोजना के संबंध में **48** पत्रों के माध्यम से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां प्राप्त हुई हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 25.11.2016 दिन शुक्रवार को समय 12:00 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर की अध्यक्षता में स्थान–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री के. डी. कुंजाम, अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ डॉ. अनीता सावंत, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के परिप्रेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रकिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जन सामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

जनसुनवाई में उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री नरेन्द्र कुमार वस्त्रकार, ग्राम गतौरा सरपंच :–** उद्योग स्थापना के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। जनता में कहीं भी विरोध नहीं है। पूर्व में इस उद्योग के अन्य इकाई द्वारा बहुत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। साथ ही आसपास के ग्रामों में जल, सड़क, उपचार सुविधाएं भी उपलब्ध कराये गये हैं एवं नल–जल योजना में पाईप लाईन बिछाकर जल उपलब्ध कराया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से उद्योग द्वारा पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण किया गया है। प्रदूषण नियंत्रक यंत्र लगाया जाये, विकास के लिए उद्योग का रहना आवश्यक है। भूमि प्रभावित लोगों को रोजगार दें एवं वेतन विसंगति दूर करें। असामाजिक लोगों को न आने दें। वृक्षारोपण कार्य करें, लोगों को परेशानी न हो। कंपनी मेरे गांव एवं क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। कोयले की जरूरत है कोयले के बिना उद्योग संचालित नहीं होता। अतः हमारे जीवन में उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान है जिसे हमें नहीं भूलना चाहिए। पर्यावरण की स्वीकृति अतिशीघ्र दिया जाये।
2. **श्री सुनील राम यादव, ग्राम–कर्रा भू.पू. सरपंच :–** समाचार पत्र से पता चला कि तारीख 25 को जनसुनवाई होना है। मेरा इस प्रबंधन से एक ही निवेदन है कि यहां के स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी दें। अतिशीघ्र प्लांट प्रारंभ करें।
3. **श्री प्रमोद जायसवाल, ग्राम धनिया सरपंच :–** 22500 पौधा लगाया गया है कंपनी के द्वारा। प्रदूषण खत्म हो गया है, तीन महिने में एक बार स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है, धन्यवाद देता हूं। लड़के को पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। पानी के समस्या के अंतर्गत कंपनी के द्वारा 4 बोरवेल दिया है। यहां के किसानों को फायदा है। बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सोलर ऊर्जा लगाया गया है कंपनी के द्वारा। गांव के लोगों को फायदा हो रहा है। लाईट के बिना कार्यक्रम हो जाता है। सीएसआर के तहत् बहुत फायदा देता है।

मेरा सुझाव है कि प्रत्येक ग्राम के मोहल्ले में एक ग्रामसभा कराया जाकर और अच्छा कार्य किया जाये। प्रत्येक माह शिविर लगाये मैं यह चाहता हूॅं।

4. **श्री मनोहर लाल कुर्रे, पूर्व जनपद सदस्य, ग्राम–लिमतरा :–** मैं समर्थन में खड़ा हूं। हम समर्थन करते हैं। प्रभावित ग्राम के लोगों को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दें। पर्यावरण के लिए पेड़ लगाये। इस बात को ध्यान दें। कोल वॉशरी डालें। समर्थन करता हूं।

5. **श्री कमल प्रसाद कैवर्त, सरपंच ग्राम खैरा :–**समर्थन करता हूं। विकास कार्य होगा। क्लीन कोल वॉशरी को गतौरा में खोलने की अनुमति दे।

6. **श्री रामशंकर श्रीवास, ग्राम गतौरा, विधायक प्रतिनिधि मस्तूरी :–**कोल वॉशरी स्थापना के लिए जनसुनवाई रखी गई है। जब उद्योग नहीं था तो पलायन करके लोग बाहर जाते थे आज नहीं जा रहे हैं। ग्राम गतौरा एवं कर्रा के प्रभावित किसानों को योग्यतानुसार अपनी कंपनी में स्थान दें।

7. **श्री जगदीश प्रसाद बुनकर, ग्राम–गतौरा :–**समर्थन करता हूं। मजदूरों का आर्थिक विकास में सुधार होगा।

8. **श्री कामता प्रसाद कैवर्त, ग्राम–खाड़ा :–**बाहर जो जाते थे, ईंट भट्ठा में उत्तर प्रदेश। वॉशरी खुलने से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। कोल वॉशरी हिन्द एनर्जी के चारों ओर पेड़ पौधे लगाया है, पानी का फव्वारा लगाया है। विकास होता है। योग्यतानुसार बेरोजगारों को काम मिल रहा है।

9. **श्रीमती जानू वस्त्रकार, ग्राम–गतौरा –**मैं सहयोग करती हूं। गांव का विकास हो।

10. **श्री राहुल राय, एन.एस.यू.आई राष्ट्रीय प्रतिनिधि मस्तूरी:–**..पर्यावरण को ध्यान में रखकर प्रतिदिन पानी छिड़काव हो एवं वृक्षारोपण हो।

11. **श्री गजानंद प्रसाद पटेल, विधायक प्रतिनिधि मस्तूरी :–**योग्यतानुसार कंपनी में नौकरी के लिए स्थान दें। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी हॉस्पिटल दे और धूल उड़ता है पानी का छीटा डाले। पलायन बंद हो गया है, फायदा वॉशरी से मिल रहा है। सोलर ऊर्जा लाईट लगाने का कष्ट करें।

12. **श्री धनुराम, ग्राम—गतौरा :—**आम पेड़ को गिरा दिया। मुआवजा नहीं दिया। मेरे को नचा रहा है। कोल वॉशरी में जो काम कर रहा है सबको नचा रहा है। मैं सब जगह लिख कर दूंगा, कोर्ट में भी दूंगा।

13. **श्रीमती मेनका वस्त्रकार, ग्राम—गतौरा :—**मैं व्यक्तिगत समर्थन करती हूं। विकास कार्यक्रम किये। वृक्षारापेण किये। धन्यवाद!

14. **श्रीमती मधु यादव, ग्राम—गतौरा :—**मैं स्व—सहायता महिला की ओर से सहमति प्रदान करती हूं। वृक्षारोपण, पानी एवं रोजगार मिलेगा। पर्यावरण का ध्यान रखा जायेगा। रोजगार को ज्यादा प्राथमिकता दी जाये। वॉशरी लगाने की अनुमति दी जाये।

15. **श्री मनहरण लाल कंवर, ग्राम—कर्राः—**जो बुजुर्ग दुखड़ा रोया है उसको नमन करता हूं। पहले सुनवाई में मैं जो लिखित में दिया, उसका कोई उत्तर नहीं आया है। पानी का उपयोग करने के पहले संरक्षण किये क्या? क्या स्वास्थ्य समुदाय खोले और पौधे जो लगाये उसे देखा क्या? रोड गंदा है। बच्चों के लिए खेल ग्राउंड का व्यवस्था किया क्या? नहीं, महिलाओं के लिए क्या किया, बुजुर्गों के लिए क्या किया? कुछ नहीं इसकी व्यवस्था की जाये। ये पहले से डिसाईडेड है। मैं कुछ नहीं बोलूंगा।

16. **श्री प्रहलाद, ग्राम—बूटापारा :—**मेरा खेत वॉशरी में गया, काम नहीं मिला है।

17. **श्री देवेन्द्र कुमार कृष्णन, मस्तूरीः—**मैं पूरा समर्थन देता हूं। भाई—बहनों की समस्या को ध्यान दें, तो मैं समर्थन देता हूं। पेड़ पौधे लगाए, पानी डालें।

18. **श्रीमती पुनीता वस्तत्रकार, ग्राम—गतौरा :—**समर्थन करती हूं। रोजगार का अवसर मिलेगा, ग्राम का विकास होगा।

19. **श्री तामेश्वर दास श्रीवास, सरपंच, ग्राम—हिण्डडीहः—**समर्थन है। हिण्डाडीह में प्लांट लगा है हिन्द एनर्जी का, जाकर देखो विकास हुआ है। प्लांट स्थापित करें।

20. **श्री रामकिशोर श्रीवास, ग्राम—गतौराः—**आज तक प्रभावित किसानों को नौकरी नहीं दिया। अधिकारी लोग अभी तक ध्यान नहीं दिये। मैं समर्थन नहीं दे सकता।

21. **श्री संतोष कुमार पटेल, बलौदा :–**हमारे गांव के लोगों को रोजगार मिला है। समर्थन देता हूं। सुख–सुविधा मिलेगा। आपके गांव के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा, शिविर लगेगा स्वास्थ्य के लिए, अनेकों प्रकार के सुख–सुविधा मिलेगा। कोल वॉशरी खुल रहा है खुशी की बात है।

22. **श्री जय कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा :–**वॉशरी खुले। समर्थन है।

23. **श्री अनिल कुमार तंबोली, ग्राम–गतौराः–**बाहर से आकर गांव में दखल दे रहे हैं, गलत है। आज कंपनी हमारे गांव के लिए वरदान साबित हो रहा हैं। कंपनी को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान करें।

24. **श्री कमल पटेल, ग्राम–गतौराः–**हिन्द वॉशरी अच्छा काम कर रहा है। गुड्डू राठौर ठेकेदारी अच्छा चला रहा हैं। महिलाओं को किसी भी तरह के काम में रखें।

25. **श्री सदन लाल राठौर, ग्राम–गतौरा :–**हिन्द एनर्जी में काम करता हूं। कोई आपत्ति नहीं है।

26. **श्री शैल कुमार राठौर, वार्ड नं.–12 पंच ग्राम–गतौरा. :–**कोल वॉशरी में बेरोजगारों को नौकरी दें। समर्थन करता हूं।

27. **श्री नवीन पाण्डेय, छ.ग. जनता कांग्रेस :–**मैं समर्थन करता हूं। कंपनी अनेक मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करें।

28. **श्री धनीराम पोर्ते, ग्राम–गतौरा :–**एक कोल वॉशरी से हजार रोजगार मिलेगा तो दस कोल वॉशरी खोलें, जिसमें दस हजार को रोजगार मिलेगा।

29. **श्रीमती कुमारी बाई केवट, ग्राम पंचायत–खैरा. :–**रोड को बनाये। हेण्ड पंप लगा दें। सिटी बस चलवाया जाये लगरा से गतौरा स्टेशन तक।

30. **श्री कलेश्वर प्रसाद, ग्राम–खैरा उप सरपंचः–**यातायात सुविधा देखी जाये। लगरा चौक से कोल वॉशरी लगभग 10–12 फीट है। कई लोग इससे दुर्घटना का शिकार हुए हैं। 32 टन माल आ रहा है जिससे जानवर दुर्घटना से तुरंत मृत हो जाते हैं। धूल डस्ट और दुर्घटना के शिकार होते है। शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिलता है। हमे कोई आपत्ति नहीं है। रोड बाहर से लिया जाये।

31. **श्री मोहन लाल पटेल, बलौदा :–**हिन्द एनर्जी हमारे क्षेत्र में खुला है। कई लोगों को रोजगार मिला है। समस्या आती है उसका समाधान भी करते हैं अतः मैं समर्थन करता हूं।

32. **श्री श्यामलाल पटेल, ग्राम–कर्रा :–**समर्थन हमारा भी है। खुलना चाहिए। प्रबंधन जनता को सुख देने के लिए और फैक्ट्री खोल रहा है। मालिक को धन्यवाद!

33. **श्री मुकेश बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य ग्राम–लिमतरा :–**खुशी की बात है कोल वॉशरी गतौरा में खुल रहा है। समर्थन है। दर्रीघाट से लिमतरा–गतौरा रोड में गड्ढा है, समतलीकरण नहीं हुआ है, दुर्घटना का डर है। रोड का मरम्मत कराये। स्वास्थ्य, बिजली, दवाई एवं जो भी हो पर्यावरण का ध्यान दे। रोजगार मिलेगा। पौधा लगाये। प्रभावित गांव में पानी की व्यवस्था करें। नलकूप खोदवायें। डस्ट से फसल को क्षति होती है उसकी मांग को पूरा करे।

34. **श्री सुन्दर श्रीवास, ग्राम–गतौरा :–**कोल वॉशरी के आने से गांव की तरक्की हुई है। बना हुआ रोड उजाड़ दिये है। पहले रोड बनाये। सब लोग समर्थन कर रहे हैं। गतौरा में जमीन नहीं है क्या? जो जनसुनवाई कर्रा में हो रहा है। वॉशरी आने से कई लाख पेड़ कटाई हो गये। 7000 रूपये पेमेंट में 1000 रू. काट लेता है। एक भी हॉस्पिटल यहां नहीं है। सपोर्ट में कहने के लिए लाया गया है। धमकी–चमकी देता है। प्रदूषण गांव में क्यों कराते हो, वॉशरी से प्रदूषण है। गांव के लिए थोड़ा सोच लें। कोई बहुत बड़ा उपकार नहीं किया है, अहसान नहीं किया है। पांच वर्ष में एक दिन भी मेडिकल सुविधा नहीं दिया है। अच्छी बात है काम दिया जाये। कंपनी द्वारा झूठा दिलासा नहीं देना चाहिए। आज 5 साल हो गये, आज तक नौकरी नहीं दिया। किस हिसाब से नौकरी देता है पता नहीं चलता। जिसका जमीन गया 5 साल में उसको भी नौकरी नहीं मिला है। मात्र नुकसान ही हो रहा है। प्रभावित किसान एवं गांव वासी को पहले नौकरी दे।

35. **श्री सुरेश कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा :–**नया कोल वॉशरी 22,000 पेड़ लगाया है। बेरोजगार लोग कोयला निकाल रहें हैं जिससे उनके घर का चूल्हा जलता है। कोल वॉशरी खुलने से गांव में बेरोजगारी खत्म हुई है। पेड़ का कटाई कम हुआ है, समर्थन करता हूं।

36. **<u>श्री सीताराम यादव, ग्राम–कर्रा :–</u>**यादव समिति का एक मंच बनना चाहिए कर्रा में।

37. **<u>श्री मुकेश कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा :–</u>**पहले स्टेशन जाने के लिए रोड ही नहीं था। अब तो प्लांट के खुलने से बेरोजगार को रोजगार मिलता है। वॉशरी खुलने से किसी को आपत्ति नहीं है।

38. **<u>श्री मुकेश कुमार केवट, पंच ग्राम–कर्रा :–</u>**प्लांट खुले। बेरोजगार को रोजगार मिले।

39. **<u>श्री मोहर साय बंजारे, ग्राम–लिमतरा :–</u>**10 टन के रोड में 50 टन के गाड़ी चलता है इसको ध्यान दे। स्कूल की सुविधा दे। दुर्घटना होती है मुआवजा दे।

40. **<u>श्री समेलाल देवांगन, कर्रा–दैहानपारा :–</u>**कोई आपत्ति नहीं है। स्कूल की बाउण्ड्री बनाया है। रोड की मरम्मत कराया है। काम मिले।

41. **<u>श्री मनोज कुमार कौशिक, ग्राम–कर्रा :–</u>**पूर्ण समर्थन करता हूं। हमारे गांव में इस कंपनी की वजह से लगातार विकास हो रहा है। मजदूरी मिल रही है। पलायन रूकेगा। वृक्षारोपण कराया जा रहा है। कोई नुकसान नहीं है। सीएसआर मद से कार्य कर रहा है। विकास हो रहा है। कपंनी खुलने का जल्द से जल्द अनुमति प्रदान करें।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब दोपहर लगभग 2:15 बजे अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री सुभाशिष मित्रा, महाप्रबंधक मेसर्स क्लीन कोल इंटरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गतोरा के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। दोपहर लगभग 2:30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में **91** सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्ति प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान **41** व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग **400** व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल **128** व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर

**अतिरिक्त कलेक्टर**
बिलासपुर